तेंदुओं का स्टरलाइज़ेशन

[स्रोत : डाउन टू अर्थ](#)

हाल ही में महाराष्ट्र सरकार **ने राज्य में तेंदुओं की आबादी के स्थायी प्रबंधन के लिये तेंदुओं का स्टरलाइज़ेशन/नसबंदी करने** का निर्णय लिया है।

- **गुजरात के वन विभाग ने विशेषकर** गिर राष्ट्रीय उद्यान **और उसके आसपास तेंदुओं की नसबंदी का भी प्रस्ताव रखा है।**

तेंदुओं का स्टरलाइज़ेशन:

- **आवश्यकता:**
    - केवल वर्ष 2019-20 में ही महाराष्ट्र में **तेंदुओं के हमले के कारण 58 लोगों की मौत हुई** , यह वर्ष 2010-18 में 97 मौतों में से आधे से अधिक है।
    - महाराष्ट्र ने बढ़ते **तेंदुए-मानव संघर्ष,** बढ़ती तेंदुए की आबादी और तेंदुए और मानव समुदायों दोनों की रक्षा करने के लिये तेंदुओं की नसबंदी करने का निर्णय लिया है।
    - प्रस्तावित नसबंदी कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण कानूनों और विनियमों का अनुपालन करते हुए इन चुनौतियों का समाधान करना है।
- **चिंताएँ:**
    - तेंदुओं की नसबंदी के बारे में चिंताओं में इसकी **प्रभावशीलता के बारे में संदेह**, व्यापक वैज्ञानिक अनुसंधान की आवश्यकता, पशु चिकित्सा कौशल विकास, तेंदुओं पर संभावित तनाव, पारंपरिक तरीकों के साथ चुनौतियाँ और वैकल्पिक गर्भनिरोधक विकल्प शामिल हैं।
    - **संघर्षों को संबोधित करने और संरक्षण प्रयासों के लिये सामुदायिक समर्थन प्राप्त करने पर** भी ज़ोर दिया गया है।

हिम तेंदुए से संबंधित महत्त्वपूर्ण तथ्य:

- **वैज्ञानिक नाम:** पैंथेरा अनकिया (Panthera pardus)
- **परिचय:**
    - तेंदुआ बड़ी बिल्लियों की प्रजातियों (पैंथेरा वर्ग के **बाघ**, **शेर**, **जगुआर**, तेंदुआ और **हिम तेंदुए**) में सबसे छोटा है तथा इसे विभिन्न प्रकार के आवासों में अनुकूलन करने की क्षमता के लिये जाना जाता है।
    - तेंदुआ एक रात्रिचर जानवर है, जो रात में शिकार करता है।
    - यह अपने क्षेत्र में पाए जाने वाले शाकाहारी जीवों की छोटी प्रजातियों, जैसे- चीतल, हॉग हिरण और जंगली सुअर का भक्षण करता है।
    - मेलेनिज़्म (Melanism) तेंदुओं में एक सामान्य घटना है, जिसमें जानवर की पूरी त्वचा काले रंग की होती है, जिसमें उसके धब्बे भी शामिल हैं।
        - मेलानिस्टिक तेंदुए को अक्सर **ब्लैक पैंथर** कहा जाता है और भ्रमवश इसे एक अलग प्रजाति मान लिया जाता है।

//

- **आवास:**
  - यह उप-सहारा अफ्रीका, पश्चिमी और मध्य एशिया के छोटे हिस्सों, भारतीय उपमहाद्वीप से लेकर दक्षिण-पूर्व एवं पूर्वी एशिया तक विस्तृत क्षेत्र में पाया जाता है।
    - भारतीय तेंदुआ (Panthera pardus fusca) भारतीय उपमहाद्वीप में व्यापक रूप से पाया जाने वाला तेंदुआ है।
- **भारत में आबादी:**
  - पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (Ministry of Environment, Forest and Climate Change) द्वारा जारी रिपोर्ट '[भारत में तेंदुओं की स्थिति 2018](#)' (Status of leopards in India 2018) के अनुसार, भारत में तेंदुओं की आबादी में वर्ष 2014 के आकलन के बाद 60% की वृद्धि हुई है।
    - वर्ष 2014 में तेंदुओं की अनुमानित आबादी लगभग 8,000 थी जो वर्ष 2018 में बढ़कर 12,852 हो गई थी।
  - तेंदुओं की सर्वाधिक आबादी **मध्य प्रदेश (3,421) में** है, इसके बाद **कर्नाटक (1,783)** और **महाराष्ट्र (1,9090)** इस संदर्भ में क्रमशः दूसरे एवं तीसरे स्थान पर हैं।
- **जोखिम:**
  - खाल और शरीर के अंगों के व्यापार के लिये अवैध शिकार।
  - पर्यावास क्षति और विखंडन
  - मानव-तेंदुआ संघर्ष
- **संरक्षण स्थिति:**
  - **IUCN रेड लिस्ट**: सुभेद्य (Vulnerable)
  - **लुप्तप्राय प्रजातियों के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन (CITES)**: परिशिष्ट-I (Appendix-I)
  - **वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972**: की अनुसूची-I (Schedule-I)

UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्षों के प्रश्न

प्रश्न. निम्नलिखित पर विचार कीजिये: (2012)

1. ब्लैक नेक क्रेन
2. चीता
3. उड़न गिलहरी
4. हिम तेंदुआ

उपर्युक्त में से कौन-से स्वाभाविक रूप से भारत में पाए जाते हैं?

(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 1, 3 और 4

(c) केवल 2 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

उत्तर: (b)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/leopard-sterilisation